Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

International Conference on 'Smart and Sustainable Technology in Energy and Power System'

Newspaper: Amar Ujala **Date: 10-11-2022**

एनर्जी एंड पावर क्षेत्र में संभावनाएं एवं चुनौती विषय पर किया सम्मेलन

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्मार्ट एंड सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी इन एनर्जी एंड पावर सिस्टम विषय पर केंद्रित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन किया गया। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अंतर्गत आने वाले इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में एनआईटी कुरुक्षेत्र से डीन शैक्षणिक अधिष्ठता प्रो. सथहंस मुख्यातिथि एवं वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने स्मार्ट और सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी की एनर्जी व पावर के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं और चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

सम्मेलन में समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने पर्यावरण और ऊर्जा के क्षेत्र में जारी बदलावों के साथ-साथ तकनीकी विकास से हो रहे सुधार व नुकसान की ओर ध्यान आकर्षित किया। प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने ऊर्जा, संसाधनों के विकास में प्रौद्योगिकी के सकारात्मक उपयोग व विकास पर जोर दिया। मुख्य वक्ता प्रो. सथहंस ने अपने अनुभवों के आधार पर नई तकनीक के माध्यम से इस क्षेत्र में सतत विकास की विभिन्न संभावनाओं

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़। संवाद

कुल 173 शोधपत्र प्राप्त हुए, 82 प्रस्तुतिकरण के लिए चुने

हकेंविवि के इंजीनियरिंग विभाग ने किया आयोजन

को प्रदर्शित किया। पीठ के अधिष्ठाता प्रो. फूल सिंह ने इस आयोजन के माध्यम से इस दिशा में शुरू प्रयास की सराहना की। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार दुबे ने बताया कि इस सम्मेलन के लिए कुल 173 शोधपत्र प्राप्त हुए जिनमें से 82 शोधपत्र प्रस्तुतिकरण के लिए चुने गए।

कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. मुरलीधर नायक, जी.हेमाकुमार रेड्डी, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. सुमित सैनी सहित विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। उन्होंने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Bhaskar **Date: 10-11-2022**

स्मार्ट और सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी की एनर्जी व पावर के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं व चुनौतियों पर प्रकाश डाला

हकेवि में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

महेंद्रगढ़ | हकेवि में स्मार्ट एंड सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी इन एनर्जी एंड पावर सिस्टम विषय पर केंद्रित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अंतर्गत आने वाले इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एनआईटी कुरुक्षेत्र से डीन शैक्षणिक अधिष्ठता प्रो. सथहंस मुख्यातिथि व वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में स्मार्ट और सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी की एनर्जी व पावर के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं और चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय में आयोजित इस सम्मेलन में समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने पर्यावरण और ऊर्जा के क्षेत्र में जारी बदलावों के साथ-साथ तकनीकी विकास से हो रहे सुधार व नुकसान की ओर ध्यान आकर्षित किया। विश्वविद्यालय की प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने ऊर्जा, संसाधनों के विकास में प्रौद्योगिकी के सकारात्मक उपयोग व विकास पर जोर दिया। आयोजन में मुख्य वक्ता प्रो. सथहंस ने अपने संबोधन में अपने अनुभवों के आधार पर नई तकनीक के माध्यम से इस क्षेत्र में सतत विकास की विभिन्न संभावनाओं को प्रदर्शित किया। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार दुबे ने बताया कि इस सम्मेलन के लिए कुल 173 शोधपत्र प्राप्त हुए जिनमें से 82 शोधपत्र प्रस्तुतिकरण के लिए चुने गए। इस आयोजन में आईआईटी, एनआईटी और विश्वविद्यालयों से संबद्ध विशेषज्ञों ने विशेष संबोधन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. मुरलीधर नायक, जी.हेमाकुमार रेड्डी, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. सुमित सैनी सहित विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। आयोजन के अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार दुबे ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Jagran **Date: 10-11-2022**

तकनीक पर दिया जा रहा है अधिक जोर

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय(हकेंवि) महेंद्रगढ़ में स्मार्ट एंड सस्टेनेबल टेक्नोलाजी इन एनर्जी एंड पावर सिस्टम विषय पर केंद्रित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय के स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी के अंतर्गत आने वाले इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में एनआइटी कुरुक्षेत्र से डीन शैक्षणिक अधिष्ठता प्रो. सथहंस मुख्य अतिथि व वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में स्मार्ट और सस्टेनेबल टेक्नोलाजी की एनर्जी व पावर के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं और चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तकनीक पर अधिक जोर दिया जा रहा है। सम्मेलन में सम कुलपति प्रो. सुषमा यादव ने पर्यावरण व ऊर्जा के क्षेत्र में जारी बदलावों के साथ-साथ तकनीकी विकास से हो रहे सुधार व नुकसान की ओर ध्यान आकर्षित किया। प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने ऊर्जा, संसाधनों के विकास में प्रौद्योगिकी के सकारात्मक उपयोग व विकास पर जोर दिया। आयोजन में मुख्य वक्ता प्रो. सथहंस ने अपने संबोधन में अपने अनुभवों के आधार पर नई तकनीक के माध्यम से इस क्षेत्र में सतत विकास की विभिन्न संभावनाओं को प्रदर्शित किया। पीठ के अधिष्ठाता प्रो. फूल सिंह ने इस आयोजन के माध्यम से इस दिशा में शुरू प्रयास की सराहना की और कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डा. राजेश कुमार दुबे ने बताया कि इस सम्मेलन के लिए कुल 173 शोधपत्र प्राप्त हुए। जिनमें से 82 शोधपत्र प्रस्तुतिकरण के लिए चुने गए। इस आयोजन में आइआइटी, एनआईटी और विश्वविद्यालयों से संबद्ध विशेषज्ञों ने विशेष संबोधन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के आयोजन में डा. मुरलीधर नायक, जी हेमाकुमार रेड्डी, डा. मनीष कुमार, डा. सुमित सैनी सहित विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। आयोजन के अंत में विभागाध्यक्ष डा. राजेश कुमार दुबे ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

वेबीनार में भाग लेते हकेंवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ● सौ. प्रवक्ता

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्मार्ट एंड सस्टेनेबल टेक्नोलाजी इन एनर्जी एंड पावर सिस्टम विषय पर सम्मेलन का किया गया आयोजन

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Haribhoomi **Date: 10-11-2022**

महेंद्रगढ़। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते कुलपति। फोटो : हरिभूमि

हकेंवि में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

स्मार्ट एंड सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी इन एनर्जी एंड पावर सिस्टम विषय पर की चर्चा

- प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने ऊर्जा, संसाधनों के विकास में प्रौद्योगिकी के सकारात्मक उपयोग व विकास पर जोर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्मार्ट एंड सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी इन एनर्जी एंड पावर सिस्टम विषय पर केंद्रित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अंतर्गत आने वाले इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एनआईटी कुरुक्षेत्र से डीन शैक्षणिक अधिष्ठता प्रो. सथहंस मुख्यातिथि व वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में स्मार्ट और सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी की एनर्जी व पावर के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं और चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय में आयोजित इस सम्मेलन में समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने पर्यावरण और ऊर्जा के क्षेत्र में जारी बदलावों के साथ-साथ तकनीकी विकास से हो रहे सुधार व नुकसान की ओर ध्यान आकर्षित किया। विश्वविद्यालय की प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने ऊर्जा, संसाधनों के विकास में प्रौद्योगिकी के सकारात्मक उपयोग व विकास पर जोर दिया। आयोजन में मुख्य वक्ता प्रो. सथहंस ने अपने संबोधन में अपने अनुभवों के आधार पर नई तकनीक के माध्यम से इस क्षेत्र में सतत विकास की विभिन्न संभावनाओं को प्रदर्शित किया। पीठ के अधिष्ठाता प्रो. फूल सिंह ने इस आयोजन के माध्यम से इस दिशा में शुरू प्रयास की सराहना की और कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। डॉ. राजेश कुमार दुबे ने बताया कि इस सम्मेलन के लिए कुल 173 शोधपत्र प्राप्त हुए।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Punjab Kesari **Date: 10-11-2022**

'स्मार्ट एंड सस्टेनेबल टैक्नोलॉजी इन एनर्जी एंड पावर सिस्टम' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

महेंद्रगढ़, 9 नवम्बर (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेन्द्रगढ़ में स्मार्ट एंड सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी इन एनर्जी एंड पावर सिस्टम विषय पर केंद्रित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी के अंतर्गत आने वाले इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एन.आई.टी. कुरुक्षेत्र से डीन शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. सथहंस मुख्य अतिथि व वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में स्मार्ट और सस्टेनेबल टैक्नोलॉजी की एनर्जी व पावर के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं और चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

विश्वविद्यालय में आयोजित इस सम्मेलन में समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने पर्यावरण और ऊर्जा के क्षेत्र में जारी बदलावों के साथ-साथ तकनीकी विकास से हो रहे सुधार व नुक्सान की ओर ध्यान आकर्षित किया। विश्वविद्यालय की प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने ऊर्जा, संसाधनों के विकास में प्रौद्योगिकी के सकारात्मक उपयोग व विकास पर जोर दिया।

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

आयोजन में मुख्य वक्ता प्रो. सथहंस ने अपने संबोधन में अपने अनुभवों के आधार पर नई तकनीक के माध्यम से इस क्षेत्र में सतत विकास की विभिन्न संभावनाओं को प्रदर्शित किया।

पीठ के अधिष्ठाता प्रो. फूल सिंह ने इस आयोजन के माध्यम से इस दिशा में शुरू प्रयास की सराहना की और कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होगा।

कुल 173 शोधपत्र हुए प्राप्त, 82 प्रस्तुतिकरण के लिए चयनित

आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए इलैक्ट्रिल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार दुबे ने बताया कि इस सम्मेलन के लिए कुल 173 शोधपत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 82 शोधपत्र प्रस्तुतिकरण के लिए चुने गए।

इस आयोजन में आई.आई.टी., एन.आई.टी. और विश्वविद्यालयों से संबद्ध विशेषज्ञों ने विशेष संबोधन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. मुरलीधर नायक, जी. हेमाकुमार रैड्डी, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. सुमीत सैनी सहित विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

आयोजन के अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार दुबे ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।